प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेशभर में आज प्रकाश पर्व दीपावली का उल्लास–दीपावली पूजन की खरीदारी को लेकर बाजारों में रौनक–यातायात और सुरक्षा के विशेष इंतजाम।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आज–राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर हो रहे है विभिन्न आयोजन।
- रेलवे ने त्यौहारों के अवसर पर यात्री सुविधा और सुरक्षा को लेकर जारी की एडवाइजरी।
- केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ते और राहत की तीन प्रतिशत अतिरिक्त किस्त अधिसूचित।

00000

प्रकाश पर्व दीपावली आज परम्परागत रूप से मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रदेशभर में उल्लास का माहोल बना हुआ है। पांच दिवसीय दीपोत्सव की श्रंखला में आज शाम शुभ मुहुर्त में धन और सौभाग्य की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जायेगी। इस बार अमावस तिथि दो दिन बनी रहने के चलते कई लोग कल भी दिवाली मनायेंगें। इस बीच दिवाली की खरीदारी को लेकर लोग सुबह से ही व्यस्त दिखाई दे रहे है। जिला मुख्यालयों पर बाजार जल्दी खुल गये है। फूल मालाओं, लक्ष्मी पूजन का सामान और मिठाईयों तथा बरतनों की दुकानों के साथ ही आतिशबाजी की दुकानों पर भी भीड दिखाई दे रही है। जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर की गई सामूहिक सजावट देखने के लिए भी लोग उमड रहे है। राजधानी के अंदरूनी इलाकों के साथ ही बाहरी कॉलोनियों, शॉपिंग मॉल्स और होटलों में की गई आकर्षक सजावट देखते ही बन रही है। दीपावली पर प्रदेश के विभिन्न मंदरों में भी भगवान को पोशाक धारण करा विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। करौली के मदन मोहन मंदिर, जयपुर के गोविंद देवजी, नाथद्वारा के श्रीनाथ जी सहित विभिन्न मंदिरों में दीपावली पर खास अनुष्ठान हो रहे है। अजमेर के पुष्कर सरोवर में कार्तिक आमावस के मौके पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। वहां सामूहिक आरती के साथ ही दीप दान के कार्यक्रम रखे गये है। स्वर्ण नगरी जैसलमेर में भी लोग सुबह से ही दीपावली की तैयारियों में जुटे हुए है। सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मी नाथ जी मंदिर में बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे है। बृज क्षेत्र भरतपुर में दीपावली का उत्साह देखते ही बन रहा है। सुजान गंगा नहर में कल शाम सामूहिक दीपदान का कार्यक्रम रखा गया। इसमें बड़ी संख्या में जिलेवासी शामिल हुए। पाली के ब्रम्हपुरी स्थित मां लक्ष्मी मंदिर में आज आरती के बाद परम्परागत प्रसाद के रूप में भक्तों को सिक्को का वितरण किया जायेगा।दीपावली पर पटाखे चलाने को लेकर भी बच्चों के साथ बडो में भी विशेष उत्साह बना हुआ है। लोगों में कम धुएं के और ग्रीन पटाखों का प्रचलन बढा है। प्रशासन की ओर से धुआं तथा शोर रहित दिवाली मनाने का भी असर देखा जा रहा है। इधर सीमा सुरक्षा बल की ओर से सीमा प्रहरियों और उनके परिवारों के लिए दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। सरहद पर तैनात जवानों का मुह मीठा कराने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए कई संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गये है। दीपोत्सव का आनंद लेने के लिए बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी भी प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंचे है। सिरोही के माउंट आबू में पड़ोसी राज्य गुजरात के साथ ही देश के अन्य स्थानों से पर्यटक दिवाली मनाने आये हैं। इधर गुलाबी नगरी जयपुर में भी बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी सेर सपाटे के लिए पहुंचे है।

दीपावली पर आग से जलने और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश के अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखा गया है। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। बर्न और प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, नेत्र और एनेस्थिसिया विभाग से जुड़े चिकित्सकों को भी इमरजेंसी में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगो को दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से गली–सड़क विक्रेताओं से दीपावली का सामान और मिट्टी के दिये खरीदने की अपील की है।

0000

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लिया। श्री मोदी ने गुजरात के केवडिया में सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

......

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एकता दिवस परेड का भी अवलोकन किया।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। श्री बागडे ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए गए उनके महान कार्यों से प्रेरणा लेने का संदेश देती है।

0000

राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में भी विभिन्न आयोजन हो रहे है। विभिन्न संगठनों की ओर से राष्ट्रीय एकता की शपथ ली जा रही है। कई जगह लौह पुरूष सरदार पटेल को श्रद्धाजंलि देने के कार्यक्रम रखे गये है। इस अवसर पर सवाई–माधोपुर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई।

00000

रेलवे ने दीपावली और छठ त्यौहार पर यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए है। त्यौहारों पर भीड को देखते हुए अतिरिक्त गाडियों के संचालन के साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। रेल्वे पुलिस बल के महानिदेशक मनोज यादव ने लोगों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया है। आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा सलाह जारी की है। यात्रियों को खतरनाक और ज्वलनशील या संदिग्ध वस्तुओं की सूचना तुरंत रेलवे अधिकारियों को देने अपील की गई है। रेल यात्री रेल मदद वेब पोर्टल पर या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किसी भी संदेहास्पद मामले में रिपोर्ट कर सकते हैं या 139 हेल्पलाइन नंबर भी डायल कर सकते हैं। इधर प्रदेश में भी यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने रेलवे स्टेशनों और यात्री गाडियों का निरीक्षण किया।

00000

प्रदेश में त्यौहारों पर लोगों को मिलावट रहित शुद्ध खाद्य पदार्थ बेचे जाने को लेकर चलाये गये कंज्यूमर केयर अभियान के तहत कुल 803 फर्मो पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि इस अभियान के तहत 451 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र और सत्यापित बाट माप नही पाये जाने पर 12 लाख 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि 21 से 30 अक्टूबर तक आयोजित इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करना था।

00000

केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते और राहत की तीन प्रतिशत अतिरिक्त किस्त अधिसूचित कर दी गई है। यह इस साल एक जुलाई से प्रभावी होगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस अतिरिक्त किस्त की मंजूरी दी थी। इसके बाद महंगाई भत्ता मूल वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से बढकर 53 प्रतिशत हो जाएगा।

00000